भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2161

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

असम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

†2161. श्री कामाख्या प्रसाद तासाः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान असम राज्य में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत उक्त राज्य को आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केंद्र सरकार को 2022 और 2025 के बीच असम से एनएचएम के तहत भ्रष्टाचार की कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) एनएचएम के तहत असम के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में सुधार के लिए केंद्र सरकार द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) असम के ग्रामीण क्षेत्रों में एनएचएम द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जाँच शिविरों, रक्तदान शिविरों और नेत्र जाँच शिविरों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): 'जन स्वास्थ्य' तथा 'अस्पताल' राज्य के विषय हैं, अतः आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों की आयोजना बनाना, कार्यान्वयन, प्रबंधन तथा अनुरक्षण करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की होती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं में प्राप्त प्रस्तावों तथा उपलब्ध संसाधन-सीमा के भीतर स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है।

असम राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत राज्य में कुल 33 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तथा 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कार्यशील हैं।

इसके अतिरिक्त, असम सहित देश में प्रचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) तथा उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) का विवरण एचडीआई 2023-24 रिपोर्ट में निम्नलिखित वेब लिंक पर उपलब्ध है—

https://www.mohfw-dohfw.gov.in/static/uploads/2026/05/57202cf30629539e4d0fb0a2f700ac62.pdf

(ख): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत असम राज्य को वर्ष 2024-25, 2025-26 तथा 2026-27 के लिए क्रमशः ₹1,741.02 करोड़, ₹1,818.90 करोड़ तथा ₹2,284.19 करोड़ की राशि आवंटित की गई है।

(ग): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) सहित विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन से संबंधित समय-समय पर अभ्यावेदन/शिकायतें प्राप्त होती हैं। चूंकि स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए प्राप्त होने वाली ऐसी शिकायतों को जांच एवं उपयुक्त कार्रवाई हेतु संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन को अग्रेषित किया जाता है। मंत्रालय समय-समय पर समीक्षा, लेखा-परीक्षा तथा वित्तीय प्रबंधन प्रणालियों के उपयोग सहित स्थापित निगरानी एवं समीक्षा तंत्र के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यान्वयन की निगरानी भी करता है जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा दिया जा सके।

(घ): आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम), आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम), प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को प्रथम रेफरल इकाई के रूप में सुदृढ़ करना, भारतीय जन स्वास्थ्य मानक, 2022, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस), निःशुल्क नैदानिक सेवा पहल (एफडीएसआई), निःशुल्क औषधि सेवा पहल (एफडीएसआई), मानव संसाधन सहायता, मोबाइल चिकित्सा इकाइयां (एमएमयू), राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवाएं (एनएएस), प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-अभिम), स्वास्थ्य अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण तथा पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान सहित एनएचएम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाकेंद्रों के सुधार के लिए केंद्र सरकार द्वारा कार्यक्रम और कार्यकलाप कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

(ङ): आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, असम में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कुल 41,92,520 मरीजों के साथ कुल 49,709 आउटरीच शिविर (स्वास्थ्य मेले/आयुष्मान आरोग्य शिविर) आयोजित किए गए हैं।

******